नवभारत

आईसीआईसीआई प्रू का 'रिटायरमेंट फंड' पेश

व्यापार प्रतिनिधि

मुंबई. देश के प्रमुख म्युचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्युचुअल फंड का नयी स्कीम 'रिटायरमेंट फंड' निवेश के लिए 21 फरवरी तक खुली रहेगी. रिटायरमेंट की प्लानिंग करने वाले निवेशकों के लिए यह स्कीम एक अच्छा विकल्प बन सकता है.

रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए अच्छा विकल्प

निवेश सलाहकार फर्म इनवेस्ट सर्च के संस्थापक हिमांशु दानी का कहना है कि रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए म्युचुअल फंड एक श्रेष्ठ माध्मम है. रिटायरमेंट फंड आपकी संपत्ति को बढ़ाने का बेहतरीन तरीका है. ये फंड ज्यादा तरलता प्रदान करते हैं. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल की यह नई स्कीम निवेशकों के लिए अनुकूल है. 'आई प्रू रिटायरमेंट फंड' रिटायरमेंट से संबंधित जरूरतों को पूरा करने का एक सबसे अच्छा हल है.

CITY BUSINESS

यह 4 तरह के प्लान शुद्ध इक्विटी, शुद्ध डेट, हाइब्रिड एग्रेसिव और हाइब्रिड कंजरवेटिव को आपकी उम्र के हिसाब से पेश करता है और जरूरत के हिसाब से संपत्ति का बंटवारा भी करता है. यह बिना किसी एक्जिट लोड के एक प्लान से दूसरे प्लान के बीच स्विच भी करता है. इसमें एक सिस्टेमेटिक विथड्राल प्लान की भी सुविधा है, जिसके तहत रिटायरमेंट के बाद आप एक निश्चित नकदी की नियमित निकासी कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त एसआईपी प्लस सोल्यूशन संपत्ति का सृजन करता है और बीमा संबंधित लाभ भी प्रदान करता है.

Navabharat Mumbai Edition
13 Feb, 2019 Page No. 7